भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4136
25 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

विषयः बिहार में मखाना बोर्ड के आरंभ की समय-सीमा
4136. श्री सुधाकर सिंहः
क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बजट 2025 में की गई घोषणा के अनुसार बिहार में मखाना बोर्ड आरंभ करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) अनुसंधान, बाजार संपर्क, मूल्य स्थिरता और प्रौद्योगिकीय उन्नति के संदर्भ में मखाना किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार मखाने की खेती और प्रसंस्करण के लिए कोई वित्तीय प्रोत्साहन या सब्सिडी शुरू करने की योजना बना रही है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (घ): कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के द्वारा बजट घोषणा 2025 के बाद मखाना बोर्ड की स्थापना की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है जिसका उद्देश्य मखाना के उत्पादन, प्रोसेसिंग, मूल्य संवर्धन और मार्केटिंग में सुधार लाना है, साथ ही मखाना किसानों को प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करना है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा अनुसंधान कार्य कर रहा है और किसानों तथा उद्यमियों के लिए एक इनक्यूबेशन सेंटर की शुरुआत की है। यह केंद्र, मखाना की कटाई और प्रोसेसिंग में मशीनीकरण को बढ़ावा दे रहा है। यह केंद्र, उत्पादकता में सुधार के लिए बीज भी वितरित कर रहा है और मखाना के उत्पादन, प्रोसेसिंग, मूल्य संवर्धन और मार्केटिंग के लिए किसानों को नियमित रूप से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दे रहा है।

*****